उत्तराखंड को बेस्ट टूरिज्म डेस्टिनेशन अवार्ड

चर्चा में क्यों?

27 सितंबर, 2022 को विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय के तत्वावधान में नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय पर्यटन अवार्ड कार्यक्रम में उत्तराखंड को बेस्ट टूरिज्म डेस्टिनेशन अवार्ड दिया गया है।

प्रमुख बिंदु

- विश्व पर्यटन दिवस पर उत्तराखंड को प्राप्त हुए बेस्ट टूरिज्म डेस्टिनेशन अवार्ड के साथ उसे पर्यटन के सर्वांगीण विकास के लिये भी प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया।
- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के हाथों राज्य के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने ये पुरस्कार ग्रहण किये।
- सतपाल महाराज ने बताया कि उत्तराखंड देश-विदेश के सैलानियों को प्रदेश में आने का निमंत्रण देता है और पर्यटन की सभी श्रेणियों में सुविधाएँ व अवसर यहाँ उपलब्ध हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में पहाड़ों की रानी मसूरी में हेलीकाप्टर के माध्यम से हिमालय दर्शन सेवा भी प्रारंभ की गई है।
- उन्होंने पर्यटन दिवस के उपलक्ष्य में विभाग ने विभिन्न श्रेणियों में फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी की आनलाइन प्रतियोगिता प्रारंभ होने की जानकारी भी दी इसमें 25 लाख रुपए से अधिक के पुरस्कार दिये जाएंगे।
- इसके अलावा यात्रा से जुड़े प्रभावशाली व्यक्तियों (ट्रैवल इन्फ्लुएंसर) के लिये आकर्षक योजना लांच की गई है। इसके तहत अंग्रेजी ही नहीं, क्षेत्रीय भाषाओं में भी वीडियो बनाने वाले इन व्यक्तियों को विभाग में सूचीबद्ध किया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/uttarakhand-best-tourism-destination-award